हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

06 जीवन में अनेक समस्याओं को विवेक एवं...



07 श्री विद्यासागर स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का...



समाचार संक्षेप

विहिप की जिला बैठक संपन्न हितचिंतक अभियान पर दिया जोर



गुना। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की जिला बैठक रविवार को दुर्गा कॉलोनी स्थित सनाढ्य धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ रामदरबार के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। बैठक में संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही हितचिंतक अभियान को गति देने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में प्रांत मंत्री नवल भदौरिया, प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा एवं विभाग मंत्री दिलीप कुशवाह ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने तथा हितचिंतक अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।बैठक में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ओझा, जिला मंत्री राकेश शर्मा, जिला सह मंत्री रामप्रसाद शर्मा एवं राजेंद्र कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गौड़ तथा जिला संयोजक ब्रजेश प्रजापति प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

रायपुर में क्षेत्रीय गणित मेले में सृष्टि कुशवाह ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



गुना।क्षेत्र स्तरीय गणित मेला का आयोजन रायपुर (छत्तीसगढ़) में किया गया। जिसमें चार प्रांतों - छत्तीसगढ़ प्रांत, महाकौशल प्रांत, मालवा प्रांत एवं मध्य भारत प्रांत के भैया-बहनों ने सहभागिता की।इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर प्रताप नगर (पुरानी छावनी) गुना की बहिन सृष्टि कुशवाह ने गणित प्रदर्शन में मध्य भारत प्रांत का नेतृत्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बहिन सृष्टि ने अपने गणित मॉडल से रायपुर विभाग एवं गुना जिले का नाम गौरवान्वित किया।इस उपलब्धि पर सरस्वती शिशु मंदिर प्रताप नगर (पुरानी छावनी) गुना विद्यालय एवं समिति परिवार की ओर से बहिन सृष्टि कुशवाह को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ प्रेषित की गई हैं।

महाराज अजमीढ़ जयंती पर निकाला जुलूस, उत्साह के साथ मनाई जयंती



आरोन। नगर में क्षत्रिय मेड़ स्वर्णकार सोनी समाज द्वारा महाराज अजमीढ़ जयंती श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गणेश मंदिर से एक चल समारोह निकल गया जो मेंन मार्केट होते हुए दास हनुमान मंदिर होते हुए सूरज किरण मैरिज गार्डन पहुंचा इस चल समारोह में समाज के महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। जयंती समारोह के दौरान समाजजनों में उत्साह देखने को मिला।आयोजन के दौरान जुलूस का नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। समाजसेवियों ने जुलूस पर फूल बरसाकर स्वागत किया।

करवा चौथ व्रत को लेकर अफवाहों पर ध्यान न दें: पंडित रामदयाल शास्त्री

आरोन। करवा चौथ व्रत को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक जानकारियों पर ध्यान न देने की अपील पंडित रामदयाल शास्त्री ने की है। उन्होंने कहा कि नवविवाहित एवं सौभाग्यवती महिलाएं किसी भी अपुष्ट जानकारी से भ्रमित न हों और शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार व्रत करें।

खेत में रोटावेटर की चपेट में आने से किसान की गई जान, किसान को अज्ञात कार ने मारी टक्कर

तीन सड़क हादसे: चार घटनाओं में तीन किसानों और एक महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पनवाड़ी चौकी के क्यापुर गांव में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। खेत में चल रहे रोटावेटर की चपेट में आने से 35 वर्षीय एक किसान की गंभीर रूप से कटने के कारण मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, वहीं रविवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

खेत की मेढ़ पर बैठकर पी रहा था शराब

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अशोक रजक (35 वर्ष) पुत्र भरोसा लाल रजक निवासी क्यापुर, थाना आरोन के तीन लडक़े हैं। शनिवार की रात करीब 8:30 बजे गांव का ही मनीष पाल उसके खेत में रोटावेटर से जुताई का काम कर रहा था। इस दौरान अशोक खेत की मेढ़ पर बैठकर शराब पी रहा था। बताया जा रहा है कि नशे की हालत में अचानक अशोक पीछे से आया और चलते हुए रोटावेटर पर चढ़ गया। इसी दौरान उसका पैर रोटावेटर के ब्लेडों के बीच फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया।

अस्पताल लाते समय मौत

हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने के बाद खेत पर मौजूद अन्य लोगों ने तुरंत उसे संभाला। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में घायल अशोक को पहले आरोन अस्पताल ले आए, जहाँ से हालत गंभीर होने पर उसे तुरंत जिला चिकित्सालय गुना रैफर किया गया। हालांकि, अत्यधिक खून बह जाने के कारण अस्पताल पहुँचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। रविवार सुबह जिला अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



खेत जा रहे किसान को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

जिले के म्याना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चौकी गांव में रविवार सुबह एक भीषण सडक हादसा सामने आया है। अपने घर से खेत पर जा रहे 40 वर्षीय एक किसान को अज्ञात तेज रफ्तार फोर-व्हीलर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भयानक हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पुलिस ने रविवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक कृपाल सिंह रावत (40) निवासी म्याना हाल निवासी चौकी गांव रविवार तडक़े सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच अपने घर से चौकी गांव के पास चुला चौक के नजदीक स्थित खेत पर मक्का निकालने के लिए जा रहे थे। जब वे सडक पार कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और कृपाल सिंह उछलकर दूर जा गिरे। सडक पर चारों तरफ खून फैल गया। भीषण आवाज सुनकर जब तक परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक कृपाल सिंह दम तोड़ चुके थे और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो चुकी थी।

ब्रेकर पर उछली बाइक, सड़क पर गिरने से 25 वर्षीय महिला की मौत

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 46 पर लाहोटी पेट्रोल पंप के पास शनिवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय रीना बाई अहिरवार की मौत हो गई। वह अपने पति राहुल अहिरवार के साथ मोटरसाइकिल से बीनागंज से देवता दर्शन कर घर लौट रही थीं। जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6 बजे बाइक सड़क पर बने बड़े ब्रेकर से उछल गई, जिससे पीछे बैठी रीना बाई संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क पर गिर गईं। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय उनकी गोद में बैठी छोटी बच्ची भी नीचे गिर गई, लेकिन उसे खरोंच तक नहीं आई।

मृतका के पति राहुल के अनुसार, घटनास्थल पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है और बड़े ब्रेकर बने हुए हैं। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण ब्रेकर दिखाई नहीं दिया, जिससे हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

मंडी से लौट रहे किसान की सड़क हादसे में मौत, तीन घायल

जिले के म्याना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टांडा मजेरा गांव में शनिवार शाम एक दर्दनाक सडक हादसा सामने आया है। गांव की सीमा के भीतर ही दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में 35 वर्षीय एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इस हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक कमल सिंह (35 वर्ष) पुत्र झगन भिलाला निवासी टांडा मजेरा अपनी फसल बेचने के लिए गुना कृषि उपज मंडी आए थे। उस दिन उन्हें मक्का के पैसे नहीं मिल पाए थे, जिसके चलते वे अगले दिन यानी शनिवार को दोबारा पैसे लेने के लिए गुना आए थे। शाम को जब वे मंडी से अपना भुगतान लेकर मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी गांव के पास ही उनकी बाइक की सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार छोटू भिलाला अपने घर से बाजार की तरफ जा रहा था। दोनों वाहन जब गांव के पास पहुंचे, तो गति तेज होने के कारण नियंत्रण नहीं रहा और दोनों बाइकें आपस में बुरी तरह टकरा गईं। इस भीषण टक्कर में कमल सिंह की मौके पर ही अकाल मृत्यु हो गई, जबकि हादसे में छोटू भिलाला सहित कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने गुना कलेक्टर को लिखा पत्र, निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश

गुना। शहर के टेकरी रोड स्थित बूढ़े बालाजी गौशाला के पास नाले पर पुलिया निर्माण और नंदीश्वर धाम वीरेंद्र लोक तक आरसीसी एप्रोच रोड के निर्माण का मार्ग अब प्रशस्त हो गया है। दिगंबर जैन समाज पंचायत ट्रस्ट गुना और समाजसेवियों के सतत प्रयासों पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री व गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना कलेक्टर किशोर कन्याल को पत्र जारी कर त्वरित नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सामाजिक व धार्मिक विकास कार्यों को लेकर श्री दिगंबर जैन समाज पंचायत ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय कामिनी और समाजसेवी अनिल रूपश्री लंबे समय से प्रयासरत थे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया से संपर्क कर क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता से उन्हें अवगत कराया था। समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर गंभीरता दिखाते हुए केंद्रीय मंत्री ने गत दिवस आधिकारिक पत्र जारी कर जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया।

कलेक्टर गुना को भेजे गए पत्र में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उल्लेख किया है कि बूढ़े बालाजी स्थित गौशाला के समीप नाले पर पुलिया निर्माण और वीरेंद्र लोक तक आरसीसी सडक़ निर्माण हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही, उन्होंने इस संबंध में की गई कार्रवाई से खुद को और आवेदक को अवगत कराने के लिए भी निर्देशित किया है। केंद्रीय मंत्री के इस हस्तक्षेप के बाद अब दोनों महत्वपूर्ण निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद जग गई है।

बीनागंज में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

दुकान से चार कार्बाइड गन जब्त करके किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आगामी त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा और जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में बीनागंज कस्बे के निचले बाजार में औचक निरीक्षण कर एक दुकान से चार कार्बाइड गन जब्त की गईं। कार्रवाई के दौरान संबंधित दुकान को सील भी कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से प्रतिबंधित एवं असुरक्षित उपकरणों का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचने की संभावना है। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के मार्गदर्शन में की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निचले बाजार स्थित दुकानों की जांच की। इसी दौरान लाल विश्वकर्मा, निवासी निचला बाजार, बीनागंज की दुकान से चार कार्बाइड गन बरामद की गईं। प्रशासन ने इन उपकरणों को जब्त कर दुकान सील करने की कार्रवाई की। जिला प्रशासन की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले की सीमा में कार्बाइड गन और अन्य असुरक्षित उपकरणों के निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण, प्रदर्शन एवं उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश का उद्देश्य त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। प्रशासन के अनुसार, कार्बाइड गन जैसे उपकरणों से विस्फोट अथवा अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न होने का खतरा रहता है। इनके इस्तेमाल से लोगों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले में ऐसे उपकरणों के कारोबार और उपयोग पर निगरानी बढ़ाई जा रही है। कार्बाइड गन का उपयोग कई बार तेज धमाके जैसी आवाज उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। इनके अनुचित संचालन या असुरक्षित इस्तेमाल से दुर्घटना होने की आशंका रहती है। त्योहारों के दौरान बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ने के कारण ऐसे उपकरण अधिक जोखिम पैदा कर सकते हैं।



स्वास्थ्य शिविरों का रजत पड़ाव, 25वें शिविर में 215 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉ. सतीश राजपूत एवं टीम हेल्थ द्वारा रविवार, 25 अक्टूबर को मानस भवन में 25वें निःशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 215 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सुश्री शैलजा गुप्ता ने कहा कि सृष्टि में महिला ही वह अनोखी प्राणी है, जो हर परिस्थिति का डटकर सामना करती है। महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। महिला के बिना परिवार की कल्पना संभव नहीं है, इसलिए महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वंदना त्रिपाठी ने डॉ. राजपूत के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए महिलाओं से शिविरों का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलावों के प्रति सजग रहने और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी।डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे ने कहा कि महिलाओं को परिवार की देखभाल के साथ अपनी सेहत का भी ध्यान रखना चाहिए। अभिभावकों को बचपन से ही बेटियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतने का आह्वान किया।



अवैध खनिज उत्खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, दो वाहन जब्त

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा ने खनिज विभाग की टीम के साथ रुठियाई क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम अजरौड़ा में रेलवे निर्माण कार्य कर रही प्राइवेट कंपनी द्वारा बिना अनुमति उत्खनन कार्य किए जाने पर मौके से दो डम्पर वाहन जब्त किए। जब्त वाहनों को चौकी रुठियाई में खड़ा कराया गया है। मामले में नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उक्त कार्रवाई में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का अमला उपस्थित रहा।

पिपरोदा केशराज में जमीन विवाद में महिलाओं को घर में खींचकर की मारपीट

वीडियो वायरल होने के बाद थाने में प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरोदा केशराज में दबंगों की अमानवीय और क्रूरतापूर्ण करतूत का मामला सामने आया है। पुराने जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने हदें पार करते हुए घर लौट रही महिलाओं और बच्चियों को रास्ते से जबरन खींचकर उनके साथ न केवल लात-घूंसों से मारपीट की, बल्कि उनके कपड़े भी फाड़ डाले। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। कैंट थाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुख्य आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।



पुरानी रंजिश में हुआ हमला

प्राप्त एफआईआर के विवरण के अनुसार, यह पूरी घटना गत सुबह करीब 6:30 बजे की है। फरियादिया कक्षा 10वीं की छात्रा ने पुलिस को बताया कि उनका गांव के ही गजराम यादव के साथ लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा है। उन्होंने अपने नया बंजर वाले खेत में मक्का तोडक़र रखी थी। जब वे लोग सुबह खेत पर पहुंचे, तो वहां रखे मक्का के 4-5 ढेर गायब मिले। इस बात की शिकायत करने जब पीड़िता के पिता कोक सिंह, भाई हरिसिंह और मामा बालिस्टिर अहिरवार मोटरसाइकिल से थाने के लिए निकले, तो पीछे से पीड़िता अपनी मां तुलसाबाई और भाभी सीमा अहिरवार के साथ घर के कागजात लेकर थाने आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में गजराम यादव के मकान के पास आरोपी गजराम यादव, लल्लू यादव, रामकुमार यादव और धर्मेंद्र यादव ने उन्हें घेर लिया।

घर के अंदर खींचकर की मारपीट

आरोपियों ने चारों महिलाओं को जबरन अपने घर के अंदर खींच लिया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए उनके साथ लात-थप्पड़ों से जमकर मारपीट की। इस क्रूरतापूर्ण हमले में नाबालिग छात्रा को सिर, पीठ और दोनों हाथों में गंभीर चोटें आईं।

इनका कहना है...

मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी सैफा हाशमी ने बताया कि कैंट थाने में प्राप्त लिखित शिकायत और बयानों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 296(बी), 115(2), 351(2), 3(5) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 (संशोधन 2015) की धाराओं 3(2)(1), 3(1)(द) और 3(1)(थ) के तहत गंभीर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

संघ की 100 वर्ष की यात्रा, संगठन की शक्ति और शिष्टाचार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में आनंद जी भार्गव ने बौद्धिक के माध्यम से संघ की 100 वर्ष की यात्रा, संगठन की शक्ति और नागरिक शिष्टाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों में निहित होती है।अपने बौद्धिक में उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा का उल्लेख करते हुए संगठन की भूमिका और उसके उद्देश्यों पर विचार रखे। उन्होंने नागरिकों से सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार का पालन करने, अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने तथा समाज में अनुशासन और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।आनंद जी भार्गव ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है और संगठित समाज ही चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकता है। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरे विश्व में अराजकता का माहौल बना हुआ है। कुछ अराजक तत्व भारत को भी अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं।



समाचार संक्षेप

शिवम अखिल भारतीय स्तर पर करेंगे मध्यक्षेत्र का प्रतिनिधित्व, विद्यालय में हर्ष का माहौल



बीनागंज। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बीनागंज के प्रतिभाशाली विद्यार्थी शिवम शर्मा ने क्षेत्रीय विज्ञान मेला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 'मानव हृदय की संरचना' विषय पर अपना प्रकल्प प्रस्तुत कर यह उपलब्धि हासिल की। अब शिवम अखिल भारतीय स्तर की विज्ञान मेला प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। शिवम शर्मा ने अपनी वैज्ञानिक अभिरुचि, रचनात्मक सोच, मेहनत और लगन के बल पर मानव हृदय की संरचना से संबंधित प्रकल्प को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके प्रकल्प को निर्णायकों ने सराहा और उन्हें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। अखिल भारतीय स्तर पर चयनित होकर शिवम ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान, नवाचार और प्रयोगात्मक ज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।विद्यालय प्रबंधन एवं आचार्य परिवार ने भैया शिवम शर्मा को इस शानदार सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि शिवम आगामी अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्य क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

रामलीला के चौथे दिन लक्ष्मण-परशुराम संवाद श्रीराम-सीता विवाह का हुआ भव्य मंचन



कुम्भराज। श्री हनुमानजी रामलीला के चौथे दिन लक्ष्मण और परशुराम संबाद के मंचन के बाद भगवान श्री राम और सीता का विवाह रचाया गया। जैसे ही परशुराम ने शिव धनुष टूटने की टंकार सुनी तो विचलित हो गए और क्रोधवश सीधे राजा जनक की सभा मे आकर कारण पूछते हैं और नाराजगी का इजहार करते हैं। राजा जनक सारा हाल सुनाते है इसी बीच शेषांवतार लक्ष्मण से संबाद होता है बात मरने मारने तक आती है तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम गुरु विश्वामित्र को निहारकर अपनी शील, संयम, विवेक और विनम्रता से उन्हें शांत करते है तब परशुराम कहते हैं कि अपने धनुष की प्रत्यंचा पर बान चढ़ाकर मेरा संदेह दूर करो, इस संवाद ने दर्शकों को जहां रोमांचित किया वही दर्शक भावुक भी हुए सभी पात्रों ने अपने अभिनय की मिशाल पेश की। श्री राम और सीता एक दूसरे को वरमाला डालते है ये समाचार अयोध्या पहुँचता है जहाँ खुशियाँ छा जाती है और दोनों के विवाह की तैयारी होती है, इधर राजा दशरथ चारो दिशाओ मे निमंत्रण भेजते है, सुर, नाग किंनर आदि सभी बारात मे शामिल होते है, मंगल गीत गाये जाते है, बधाइयां होती है, नाना प्रकार के व्यंजन बनाये जाते है, विवाह की सारी रस्में पूर्ण की जाती है।

राघोगढ़ में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई का इंतजार

इलाज करने वालों पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों की सेहत पर खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

नगर के गली-मोहल्लों में कथित झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा क्लीनिक संचालित कर मरीजों का उपचार किए जाने का मामला सामने आ रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि बिना आवश्यक चिकित्सकीय योग्यता और विशेषज्ञता के मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। वहीं, संबंधित मामले में कार्रवाई के निर्देश जारी होने के करीब एक पखवाड़े बाद भी प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा कथित झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सख्त निर्देश दिए जाने की बात सामने आई थी। इसके बाद स्वास्थ्य संचालनालय स्तर से भी संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए जाने का उल्लेख किया जा रहा है। इन निर्देशों का उद्देश्य बिना वैध योग्यता के चिकित्सा सेवाएं देने वालों पर कार्रवाई करना और आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया जा रहा है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर अब तक किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निर्देश जारी हुए हैं, तो स्वास्थ्य विभाग को उनकी समयबद्ध तरीके से पालना सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही, संदिग्ध क्लीनिकों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। नगर में कई स्थानों पर ऐसे क्लीनिक संचालित होने की शिकायतें सामने आने की बात कही जा रही है, जहां चिकित्सकीय योग्यता और उपचार संबंधी मानकों को लेकर सवाल उठते हैं। स्थानीय स्तर पर इनकी संख्या अधिक होने के दावे भी किए जा रहे हैं। हालांकि, इनकी वास्तविक संख्या और संबंधित संचालकों की योग्यता की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही हो सकती है। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े नियमों के अनुसार, चिकित्सा उपचार करने वाले व्यक्ति की योग्यता, पंजीयन और उपचार की वैधता की जांच आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति बिना आवश्यक योग्यता के मरीजों का इलाज करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। बिना उचित चिकित्सकीय प्रशिक्षण के उपचार करना मरीजों के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। आरोप है कि कुछ कथित झोलाछाप चिकित्सक मरीजों को बिना आवश्यक जांच के दवाएं देते हैं।

जीवन में अनेक समस्याओं को विवेक एवं धैर्य से सुलझाएं: मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

इस सदी के महान संत आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य प्रवचन वाचस्पति औजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि श्रमण सागर जी महाराज ने रविवार को समस्याएं कैसे सुलझाएं विषय पर विद्यासागर भवन में प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए कहा जीवन के हर क्षेत्र में अनेक समस्याएं हैं। सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक समस्याओं में आज का मानव जीवन दुखी है। आपने दो तरह से आने वाली समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा चेतन समस्याएं इस श्रेणी में पति-पत्नी माता-पिता बेटा बेटी रिश्तेदार घर का पालतू कुत्ता आदि आते हैं अचेतन समस्याओं में गाड़ी, दुकान, मकान, फैक्ट्री आदि से समस्याएं आती हैं। इनमें भी आपने दो प्रकारों का उल्लेख किया इष्ट एवं अनिष्ट। इष्ट से समस्याएं नहीं आती हैं। अनिष्ट की श्रेणी में परिवारजन पड़ोसी मित्र रिश्तेदार आते हैं यह अच्छे नहीं हैं इसे समस्याएं पैदा होती हैं। वर्तमान में हर व्यक्ति की समस्या का मुख्य करण वास्तु दोष बताया दिया जाता है। विशेषज्ञ वास्तु विद द्वारा मकान में, दुकान में, फैक्ट्री आदि में वास्तु दोष बताकर चिंतित बना दिया जाता है। अपने वास्तु दोष के संबंध में आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के कथन का उल्लेख करते हुए कहा वास्तव में वास्तु कोई वस्तु नहीं है।

राघौगढ़ के महात्मा गांधी रोड पर अतिक्रमण से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

नगर के प्रमुख मार्ग महात्मा गांधी रोड पर अतिक्रमण और सड़क पर ही वेल्डिंग का काम किए जाने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़



रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण होने के साथ कुछ दुकानदार बीच सड़क पर वाहन खड़े करके वेल्डिंग का काम कर रहे हैं। इससे मुख्य मार्ग पर यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। महात्मा गांधी रोड नगर का प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क पर ही वाहन खड़े करके वेल्डिंग करने से आवागमन के लिए उपलब्ध जगह कम हो जाती है। इससे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है और कई बार यातायात बाधित होने की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानों के सामने सड़क तक सामान और वाहन खड़े होने से समस्या और बढ़ जाती है। मुख्य मार्ग पर इस तरह काम किए जाने से आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, वेल्डिंग के दौरान निकलने वाले जले हुए और नुकीले धातु के टुकड़े सड़क पर ही फेंक दिए जाते हैं। इससे सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों के टायर पंचर होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। सड़क पर इस तरह के अवशेष पड़े रहने से वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर में निकला संचलन जगह-जगह पुष्पवर्षा कर नागरिकों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विजयादशमी के उपलक्ष्य में नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। घोष की धुन के साथ निकले इस संचलन में करीब 200 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। नगर के प्रमुख मार्गों से निकले पथ संचलन का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर नगरवासियों ने स्वागत किया। आयोजन के दौरान राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों और समाज के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया।

शासकीय विद्यालय में हुआ स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण

पथ संचलन से पहले सभी स्वयंसेवक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एकत्रित हुए। इस अवसर पर रामस्वरूप शर्मा ने स्वयंसेवकों को बौद्धिक संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में अखंड भारत की अवधारणा पर विचार रखते



हुए गीता, गंगा और गौमाता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज में जागरूकता और सेवा भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बौद्धिक के दौरान वक्ता ने कहा कि समाज में अस्थिरता फैलाने वाले तत्वों के प्रति सतर्क रहने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता है।

उन्होंने भारतमाता के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता और सामर्थ्य का परिचय दिया है। राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और विभिन्न धार्मिक एवं तीर्थस्थलों के पुनर्विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने देश में हो रहे बदलावों पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही, रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं का भी जिक्र किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन, पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नईंसराय तहसील मुख्यालय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में पथ संचलन निकाला गया। अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। पथ संचलन का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान नगर में उत्साह और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।

पथ संचलन का शुभारंभ हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर से हुआ। यहां से स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए तहसील सहित नगर के प्रमुख मार्गों से निकले। मार्ग में जगह- जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इसके बाद पथ संचलन वापस हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परंपरा में पथ संचलन का विशेष महत्व है। इसके माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन, संगठन की भावना, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव मजबूत करने का संदेश दिया जाता है। संघ की शाखाओं में शारीरिक गतिविधियों, योग, खेल, सामूहिक प्रार्थना और बौद्धिक चर्चा के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया जाता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लंबे समय से सामाजिक सेवा, राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक जागरूकता और समाज में आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित करता रहा है। पथ संचलन भी संघ की संगठनात्मक गतिविधियों का एक प्रमुख हिस्सा है, जिसमें स्वयंसेवक एक साथ कदमताल करते हुए एकता और अनुशासन का परिचय देते हैं। पथ संचलन के दौरान जगह-जगह स्वागत किया।



31 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्र प्रदान किए

अशोकनगर। 31 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक राजाराम वर्मा के मार्गदर्शन में एसबीआई-आरसेटी अशोकनगर में आयोजित किया गया। समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम लीड बैंक प्रबंधक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आरसेटी अशोकनगर के समस्त स्टॉफ एवं कमला देवी (सिलाई मास्टर ट्रेनर) तथा असिसमेंट के लिए आए हुए डीएसए किरण यादव व हरीश श्रीवास्तव तथा समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने शुभकामनाएँ दी गईं।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दो पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया

आदिवासी युवक के साथ बेरहमी से मारपीट, सड़क पर घसीटकर काम के लिए बनाया गया दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले से मानवता को झकझोर देने वाला एक बेहद अमानवीय और शर्मनाक मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो ने इलाके में सनसनी फैला दी है। वीडियो में दो दबंगई करने वाले लोग एक आदिवासी युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करते और उसे सड़क पर घसीटते हुए नजर आ रहे हैं। इस घटना का वीडियों वायरल होने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों पर मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है।

क्या है पूरा मामला ?- प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वायरल वीडियो अशोकनगर जिले के टकनेरी आदिवासी मोहल्ले का



बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस प्रकार आरोपी युवक को बेरहमी से पीट रहे हैं और उसे जबरन काम पर आने की नसीहत दे रहे हैं।

पेशगी के नाम पर शोषण का काला सच-इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर एक गंभीर और चौंकाने वाला पहलू उजागर हुआ है। सूत्रों और स्थानीय लोगों के अनुसार, आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासियों को सस्ते दामों में मजदूरी कराने के लिए पहले कुछ पैसे (पेशगी) दे दिए जाते हैं, और फिर इसी जाल में उलझाकर उन पर जबरन काम करने का भारी दबाव बनाया जाता है। जब ये लोग विरोध करते हैं, तो उनके साथ ऐसी क्रूर और अमानवीय घटनाएं की जाती हैं।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया

सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि यह मामला टकनेरी ग्राम का है, यहां मजदूरों को 30000 रूपए आने के लिए अग्रिम रूप से प्रदान किए गए थे, लेकिन रूपए लेने के बाद वह काम पर नहीं जा रहे थे और घर पर ही रह रहे थे, जब उन्हें पैसे लेने के बाद काम पर आने के लिए कहा गया तो उन्होंने आने से इन्कार कर दिया जिसके बाद उनके साथ मारपीट की गई जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पूरा मामला सामने आने पर प्रदीप पुत्र राजेन्द्र सिंह सरदार और रज्जू पुत्र अमरसिंह सरदार को गिरफ्तार किया गया है, उन पर एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

जिले में तीन अस्थायी उर्वरक वितरण केंद्र खोलने की व्यवस्था

ईसागढ़, नईसराय एवं चंदेरी में उपलब्ध कराया जाएगा यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार जिले में किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ईसागढ़, नईसराय एवं चंदेरी में तीन अस्थायी उर्वरक वितरण केंद्र प्रारंभ करने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण अमित सिंह भदोरिया ने बताया कि इन केंद्रों का संचालन मार्कफेड, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं सहकारिता विभाग के समन्वय से किया जा रहा है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ईसागढ़ में सेवा सहकारी समिति कोहरवास के माध्यम से तथा नईसराय में नईसराय सेवा सहकारी समिति द्वारा उर्वरक वितरण केंद्र संचालित किया जाएगा। वहीं, चंदेरी में मार्कफेड विपणन समिति द्वारा उर्वरक वितरण केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

तीनों केंद्रों पर 175 मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण

जिले को प्राप्त एचयूआरएल की यूरिया रैक से तीनों उर्वरक वितरण केंद्रों के लिए यूरिया उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत ईसागढ़ केंद्र पर 75 मीट्रिक टन, नईसराय केंद्र पर 50 मीट्रिक टन तथा चंदेरी केंद्र पर 50 मीट्रिक टन यूरिया भंडारित कराया जा रहा है। इस प्रकार तीनों केंद्रों पर कुल 175 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। आगामी रैकों से प्राप्त होने वाले यूरिया के साथ एनपीके, टीएसपी, एसएसपी एवं डीएपी उर्वरकों का भी इन केंद्रों पर भंडारण कराया जाएगा, जिससे किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध हो सकें।

नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष पिपरई में मन की बात कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव ने भाजपा के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में सहभागिता की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और कार्यक्रम के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन अशोकनगर रोड स्थित एक विद्यालय में किया गया, जहां डॉ. केपी यादव के साथ भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्षेत्रीय समस्याओं पर हुई चर्चा- 'मन की बात' कार्यक्रम के उपरांत डॉ. केपी यादव ने नगर के विभिन्न भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों और स्थानीय मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी भी ली।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हुए शामिल- पिपरई प्रवास के दौरान डॉ. केपी यादव नगर के चौधरी प्रकाश सिंह यादव के यहां आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार केके श्रीवास्तव एवं संजीव कुमार श्रीवास्तव के निवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भी उन्होंने सहभागिता की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में किया जनसंपर्क- पिपरई नगर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद डॉ. केपी यादव ने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का भी दौरा किया और कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों से जनसंपर्क किया। उनके प्रवास के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मुद्दों पर संवाद कर स्थानीय परिस्थितियों की जानकारी ली गई।

कुशवाह समाज संगठन समिति के जिला अध्यक्ष बने राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कुशवाह समाज संगठन समिति, जिला अशोकनगर के जिला अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लव-कुश मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। चुनाव में राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाह को लगातार तीसरी बार जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव प्रक्रिया के दौरान समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जिलेभर से कुशवाह समाज के हजारों लोग शामिल हुए।

जिला अध्यक्ष पद के लिए आयोजित चुनाव में कुल 10 प्रत्याशी अपने समर्थकों और प्रस्तावकों के साथ मैदान में उतरे थे। इनमें दयाशंकर कुशवाह, राजेंद्र सिंह कुशवाह, खेमचंद कुशवाह, रानू कुशवाह, संजय कुशवाह, गोपाल कुशवाह, कल्याण सिंह कुशवाह, बृजमोहन सिंह कुशवाह, महेश



कुशवाह और हंसराज कुशवाह शामिल थे। चुनाव को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्सुकता रही। सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। चुनाव के दौरान सहमति बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ी और पहले नौ प्रत्याशियों ने राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाह के समर्थन में अपना समर्थन दे दिया। इसके बाद अंतिम प्रत्याशी दयाराम कुशवाह ने भी राजेंद्र सिंह कुशवाह के समर्थन की घोषणा कर दी। इस तरह सभी प्रत्याशियों का समर्थन मिलने के बाद राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाह को कुशवाह समाज संगठन समिति, जिला अशोकनगर का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। उनके लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर समर्थकों और समाज के लोगों में खुशी का माहौल रहा। इस चुनाव में शुरुआत में 10 प्रत्याशियों के मैदान में उतरने के बाद अंत में सभी का एकमत होकर राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाह को समर्थन देना चर्चा का विषय रहा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बनी सहमति को समाज की एकजुटता के रूप में देखा जा रहा है।

खबर संक्षेप

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमाखेड़ी निवासी सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इन्दर सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरौदिया निवासी नंदलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगदीश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विजयपुरा निवासी मनमोहन कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुन्नालाल, हरिओम, मिथलेश ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मिथलेश बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनमोहन,मनीषा लखन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शांतपुर निवासी देशराज जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम कौंध्याई निवासी अमनदीप पत्नि मोहन सिंह सिक्ख उम्र 22 साल ने जहरीले पदार्थ का सेवल कर लिया था जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

युवती मंगेतर से फोन पर बात करने के दौरान कुए में कूंदी

अशोकनगर। जिले के ग्राम गोविन्दपुर निवासी 19 वर्षीय युवती जब अपने मंगेतर से फोन पर बात कर रही थी उस दौरान उसका छोटा भाई भी उसके साथ था घर से 300 मीटर दूर स्थित कुए में युवती ने छलांग लगा दी। दो घण्टे बाद मृतिका का शव बाहर निकाला गया। घटना के बारे में बताया गया है कि आने वाली फरवरी को उसकी शादी तय हो गई थी, और परिवार के लोग तैयारियों में लगे थे, युवती अशोकनगर में रहकर कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी, कुछ दिन पहले ही वह अपने घर गांव में वापिस लौटकर आई थी। इसी दौरान उसने यह कदम उठाया,पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

संगठित रूप से जुआ खेलते 5 आरोपियों को पकड़ा



अशोकनगर। थाना प्रभारी देहात निरीक्षक आकाश शर्मा ने ग्राम बमनाई हवेली में मंदिर के चबूतरे के पास दबिश देकर संगठित रूप से जुआ खेल रहे 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8,500 नगद एवं 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी जप्त की है। उल्लेखनीय है कि थाना देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बमनाई हवेली में मंदिर के चबूतरे के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद थाना प्रभारी देहात द्वारा पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने मौके से जुआ खेलते हुए देवेन्द्र पिता राजाराम यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी बमनाई; कृष्णपाल पिता राजालाल यादव, उम्र 32 वर्ष, निवासी बमनाई हवेली; धर्मेन्द्र पिता नत्थूलाल वंशकार, उम्र 32 वर्ष, निवासी नहर कॉलोनी; संजीव पिता प्रकाश अहिरवार, उम्र 35 वर्ष, निवासी बमनाई हवेली तथा राजू पिता वीर सिंह यादव, उम्र 28 वर्ष, निवासी बमनाई हवेली को पकड़ा तथा उनके कब्जे से 8,500 नगद एवं 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना देहात पर अपराध क्रमांक 588/26, धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 112(1) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। साथ ही सभी पांच आरोपियों के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

अमाही तालाब से दिया जा रहा है खेतों को पानी, प्रतिबंध की नपा ने की मांग

जल संकट की आहट, नपा ने युद्ध स्तर पर कार्रवाई की शुरूआत की



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर की जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही तालाब में लगातार पानी का जलस्तर कम होता जा रहा है, इस खतरनाक जल स्तर की कमी के कारण आने वाले दिनों में शहर को गंभीर जल सकंट का सामना करना पड़ सकता है। इस संकट के लिए स्वयं नागरिकों को जागरूक होना होगा, इस बार अल्प वर्षा से अशोकनगर गुजर रहा है, अमाही तालाब में पानी की कमी के बाद लगातार कम हो रहे पानी के जल स्तर के बाद आने वाले दिन गंभीर जल सकंट के हो सकते हैं। जिसके लेकर नगरपालिका अभी से नागरिकों को जागरूक करने में लगी है।

तालाब 23 फिट की क्षमता का 19 फिट पानी आया, अब 18 फिट पर पहुंचा

जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर ग्वालियर स्टेट के समय बना अमाही तालाब 120 वर्ष पुराना है, इस तालाब से 1964 में बनी जल प्रदाय योजना आज भी लागू है, सवा लाख आवादी वाले शहर को मिलने वाला पानी वर्षा पर निर्भर करता है, अगर वर्षा अच्छी हुई तो तालाब में पानी भरपूर आता है, अगर कम वर्षा हुई तो तालाब में पानी की समस्या पैदा होने से शहर के लोगों को पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। इस वर्ष 23 फिट की क्षमता वाले इस तालाब में 19 फिट पानी आया है यानी 4 फिट पानी कम आया है, पिछले 1 माह में 1 फिट पानी कम होने के बाद जल स्तर 18 फिट पर रह गया है। इस तालाब से शहर की जनता को पानी भी मिलता है और खेती की सिंचाई भी की जाती है। मार्च से खेती को पानी देने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है यह तब होता है जब भरपूर वर्षा हो और तालाब पानी से लवालव हो।



मुख्यमंत्री के निर्देश पीने के पानी वाले स्थानों से खेती को पानी न दिया जाए

लेकिन इस बार स्थितियां विपरीत हैं, न तो तालाब पानी से लवालव हो पाया है और न ही खेती पर प्रतिबंध लगाया गया है। अल्प वर्षा के बाद तालाब में पानी की कमी के कारण शहर के लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पडेगा। जिसके लिए नगरपालिका युद्ध स्तर पर कार्यवाही कर रही है। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा प्रशासन को और थाने में आवेदन भी दिया जा रहा है कि जो तालाब में मोटर डालकर पानी लिया जा रहा है उस पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने बताया कि लगभग 25 मोटर प्रतिदिन पानी निकाल रहीं हैं। जबकि एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जिन जल स्त्रोतों से पेयजल के लिए पानी दिया जाता है उन जल स्त्रोतों से खेती के लिए पानी न दिया जाए, मुख्ममंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं जिसे देखते हुए अशोकनगर के अमाही तालाब से खेती के लिए प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

नगरपालिका अध्यक्ष ने बिन्दु बार जानकारी दी



- अल्प वर्षा के कारण तालाब में पानी की कमी जल स्तर में लगातार गिरावट।
- आम नागरिक जागरूकता का परिचय दें पानी का सदुपयोग करें, वाहनों का न धोएं, दीपावली पर पानी व्यर्थ न वहाएं।
- भूमिगत बोर में पानी कम होने से जनवरी में ही सूखने की संभावना।
- बोर में पानी संचित करके रखें ,जितनी जरूरत है उतना ही उपयोग करें।
- तालाब से पानी खेती के लिए निकाला जा रहा है, सोमवार को नपा पुलिस में आवेदन देगी।
- प्रतिदिन 20 से 25 मोटर डालकर तालाब से पानी निकाला जा रहा है।
- सीएम के निर्देश जहां से पेयजल सप्लाई है वहां से खेती को पानी न दिया जाए।
- राजघाट बांध से पानी लाने की जल निगम की योजना पूरी होने की संभावना नहीं।
- जनता 100 प्रतिशत सहयोग करे तो इस पानी की कमी को युद्ध से जीता जा सकता है।
- एक दिन छोड़कर 1 घण्टे ही पानी प्रदाय।
- बैठक बुलाकर नए नल कनेक्शनों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, नई पाईपलाईन डालने पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।
- शहर में जो पांच नई टंकिया बनी हैं वह राजघाट बांध से पानी आने पर ही शुरू होगीं।
- नाले के पानी को शुद्ध पानी में बदलने 27 करोड़ की योजना पर जल्द ही काम, यह पानी पीने के योग्य नहीं अन्य कार्यों में उपयोग होगा।



श्री विद्यासागर स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।

आचार्य श्री विद्यासागर स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत रविवार को जैन नर्सिंग होम इंदिरा पार्क अशोकनगर में स्वर्गीय दिलीप बड़कुल की स्मृति में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस निःशुल्क बीपी, मधुमेह स्वास्थ्य परीक्षण के साथ महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के जाने-माने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीके जैन, डॉ मेघा भांवर ने अपनी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान मौजूदा मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। विशिष्ट सहयोग जैन नर्सिंग होम कमेटी अशोक गर और अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद का रहा। इस मौके पर डॉ वर्षा बड़कुल, देशना बड़कुल दर्शित बड़कुल ,परिवार ने शिविर आयोजित किया। पुण्य स्मृति में औषधी दान के रूप में शिविर आयोजित किया शिविर में महिला पुरुष वर्ग बच्चे सभी का बीपी शुगर महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा चेकअप किया गया। जिसमें अधिक मात्रा में महिलाओं में नियमित पीरियड न आने की समस्या स्किन प्रॉब्लम के ज्यादा लक्षण पाए गए ब्लड की कमी आईरन डिफिशिएंसी रही। इस अवसर पर 85 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। बडकुल परिवार की ओर से संदीप बड़कुल, रश्मि बड़कुल दिनेश, दीप्ति बड़कुल, दर्शीत बड़कुल ,सम्यक बड़कुल सोल ,अमित दिव्या बड़कुल महिला परिषद नीलू बरौदिया ममता अथाईखेड़ा ममता मोहरी , प्रियंका अमरोद, रानी गांधी, मनीषा अरिहंत, रिंकी, मंजू नेशनल, श्वेता भोपाली, शैलजा खैरा उपस्थिति रहीं। वर्षा बड़कुल ने सभी का आभार व्यक्त किया चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गए।

अशोकनगर जिले के 11 पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों और दक्षता प्रभारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सांदीपनि विद्यालय, अशोकनगर में जिले के सभी 11 पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों एवं दक्षता प्रभारियों की प्रथम मासिक अकादमिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी 11 विद्यालयों के प्राचार्यों एवं दक्षता प्रभारियों की सहभागिता रही। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने की।

बैठक में प्रमुख अकादमिक विषयों पर चर्चा- बैठक में विद्यालयों में दक्षता के स्तर में सुधार हेतु किए जा रहे अभिनव प्रयासों को साझा करने, अकादमिक संवाद के उन्मुखीकरण,मासिक मूल्यांकन, आगामी माह की कार्ययोजना, निदानात्मक कक्षाओं के संचालन तथा बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

विद्यालयों में किए जा रहे बेहतर प्रयासों का साझाकरण- बैठक के दौरान पीएम श्री विद्यालय अथाईखेड़ा, पीएम श्री जीएमएस - 04 अशोकनगर, पीएम श्री विद्यालय शाडोरा एवं पीएम श्री विद्यालय प्राणपुर में दक्षता के स्तर में सुधार हेतु किए जा रहे प्रभावी प्रयासों एवं नवाचारों को संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा साझा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इन प्रयासों को ध्यानपूर्वक सुना, उनकी सराहना की तथा अन्य विद्यालयों को भी इनसे सीख लेकर अपने विद्यालयों में प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस संवाद से विद्यालयों में हो रहे सकारात्मक कार्यों को एक-दूसरे के साथ साझा करने तथा सामूहिक रूप से शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी का विशेष मार्गदर्शन एवं अपेक्षाएँ- जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने विद्यालयों में दक्षता के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के साथ-साथ बच्चों के सीखने के स्तर में होने वाले बदलावों को साक्ष्य आधारित तरीके से दर्ज करने एवं साझा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि अशोकनगर जिले के सभी 11 पीएम श्री विद्यालय प्रत्येक माह कम- से-कम एक प्रेरक प्रयास, नवाचार अथवा सफलता की कहानी साझा करें। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी मासिक अकादमिक बैठकों में प्रत्येक विद्यालय अपने यहाँ किए जा रहे किसी एक प्रभावी प्रयास को साझा करने की तैयारी के साथ उपस्थित हो, ताकि सभी विद्यालयों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और अपनी शैक्षणिक प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने का अवसर मिल सके।

प्रभावी शिक्षण और संस्थाओं में सुधार को सीमित न रखा जाए: उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि विद्यालयों में शिक्षक एवं प्राचार्य द्वारा किए जा रहे अच्छे प्रयासों, प्रभावी शिक्षण तकनीकों तथा बच्चों के सीखने के स्तर में आए सकारात्मक बदलावों को केवल विद्यालय तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें व्यवस्थित रूप से दर्ज कर साझा किया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने के लिए जिला शिक्षा कार्यालय सदैव सहयोग हेतु प्रतिबद्ध है।

सेजी सड़क दुर्घटना में दोनों वाहन चालक गिरफ्तार

अशोकनगर। थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक सुनील सिकरवार द्वारा ग्राम सेजी सड़क दुर्घटना के मामले में फरार दोनों वाहन चालको को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 19 अक्टूबर 2026 की रात्रि ग्राम सेजी के पास दो वाहन चालकों द्वारा आपस में आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा में तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाया जा रहा था, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हुई। दुर्घटना के बाद दोनों वाहन चालक मौके से फरार हो गए थे। पुलिस द्वारा दुर्घटना में प्रयुक्त ट्रक एवं कंटेनर को जब्त कर अपराध क्रमांक 305/26, धारा 105, 125(ए), 281 भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 184 मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी शाडोरा को उक्त प्रकरण में कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक सुनील सिकरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कंटेनर चालक आरोपी ओशपाल पुत्र मेघसिंह,निवासी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर 21 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुराना बाजार जैन मंदिर में होगा आचार्य छत्तीसगढ़ विधान का आयोजन

गुरु जीवन को साक्षर नहीं अपितु सार्थक भी करते हैं: मुनिश्री निरंजन सागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने कहा कि गुरु वही हो सकता है, जो गुणों और चरित्र में ज्यादा भारी होता है। गुरु स्वार्थ सिद्धि के लिये नहीं, परमार्थ सिद्धि के लिये उपदेश देते हैं। इसलिये स्वाध्याय से भी अधिक श्रेष्ठ है गुरु सेवा। जीवन में वही गुरु बन पाता है, जिसके भीतर का गुरुतर मिट जाता है। इसलिये भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्चता की श्रेणी में आता है। गुरु के शब्द उन्हें समझ में आते हैं, जो श्रद्धा से भरे होते हैं। गुरु जलते हुए दीपक हैं। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रहित चिंतक सन्त शिरोमणि आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के द्वारा किये गये कार्य सम्पूर्ण विश्व में गुरुता का पर्याय बन गये हैं। इसलिये उनकी कमी हम सभी को खलती है। उनकी याद प्रतिपल दिलाती है। पर हम सभी का यह परम सौभाग्य रहा कि आचार्य पद पर संघ ने आचार्य श्री समयसागर जी महाराज को आसीन किया। उनके आचार्य पद को ग्रहण करते ही वे सारे कार्य पुनः उसी गति से प्रारम्भ हो गये। बालिका शिक्षा के लिये प्रतिभा स्थली, जहाँ मात्र शिक्षा ही नहीं संस्कार का भी ध्यान रखा जाता है। एक प्रतिभा स्थली की बालिका ने हमें बड़ा प्रभावित किया, तब हमने उससे उसका नाम पूछा, क्योंकि वह जिस तरह के विचार व्यक्त कर रही थी, तो हमें ऐसा लगा कि वह किसी सुसंस्कारित जैन परिवार की बालिका होगी। लेकिन उसने जब नाम बताया तब पता चला की वह छत्तीसगढ़ के एक गाँव की आदिवासी बच्ची है, जो चन्द्रगिरी जहाँ गुरुदेव की समाधी हुई वहाँ पर पढ़ती है। उस बालिका के विचारों में गुरुदेव के स्वप्नों का भारत दिख रहा था। हमने पूछा की तुम तो माँस, अण्डा आदि खाती होगी। तब उसने कहा मैंने भगवान अर्थात गुरुदेव से नियम लिया है। मैं क्या मेरा पूरा परिवार यह सब गन्दा खाना नहीं खाते हैं। उसने गुरुदेव को भगवान कहा। तब हमें लगा की हम तो मात्र यह विचार करते थे कि हमारे गुरु नहीं रहे। पर इस बालिका ने हमें बताया की भगवान तो कहीं नहीं जाते हैं, वो तो हमारे हृदय में सदा विराजमान रहते हैं। याद रखना गुरु के मुख से निकला हुआ हर एक शब्द मन्त्र होता है और गुरु के हाथ से लिखा हुआ हर एक अक्षर ग्रन्थ होता है।

सड़क पर लगते जाम को देखते हुए डायवर्सन प्लान लागू किया गया

मंडी में माल की बंपर आवक को लेकर यातायात में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में कृषि उपज मंडी अशोकनगर में कृषि उपज की भारी आवक के दृष्टिगत शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, जाम की स्थिति को रोकने तथा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष यातायात प्रबंधन व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत मंडी में आने-जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक, लोडिंग वाहनों एवं अन्य भारी वाहनों के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। वाहन चालकों से निर्धारित मार्गों का पालन करने तथा यातायात पुलिस को सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

निर्धारित डायवर्सन मार्ग का करें उपयोग- ईसागढ़ एवं चंदेरी मार्ग से नवीन कृषि उपज मंडी आने-जाने वाले वाहन सेन तिराहा-त्रिदेव मंदिर-जीबीएस कॉलोनी मार्ग-नवीन मंडी का उपयोग करेंगे। यातायात दबाव को नियंत्रित करने के लिए सेन तिराहा, कचनार तिराहा, एचडीएफसी तिराहे की ओर तथा मोहरी पेट्रोल पंप से पठार की ओर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। वाहन चालकों से अपील की गई है कि प्रतिबंधित मार्गों पर जाने से बचें तथा यातायात पुलिस द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करें।

नवीन मंडी के पिछले गेट पर पुलिस बल तैनात- मंडी में वाहनों की अधिक संख्या को देखते हुए नवीन कृषि उपज मंडी के पिछले गेट पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस बल द्वारा वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने, यातायात के दबाव को नियंत्रित करने तथा जाम की स्थिति निर्मित होने से रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

ओवरसाइज भूसा ट्रैक्टर पर कार्रवाई, 8,500 का जुर्माना- यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस अशोकनगर द्वारा निर्धारित मानकों से अधिक आकार में भूसा लेकर जा रहे ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बिना लाइसेंस ट्रैक्टर चलाने सहित संबंधित उल्लंघनों के मामले में कुल 8,500 का जुर्माना किया गया। पुलिस द्वारा भूसा परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालकों एवं मालिकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही परिवहन करने की समझाइश दी गई है। भूसा परिवहन करने वाले वाहन चालकों को यह भी अवगत कराया गया है कि भूसा परिवहन रात्रि 9.30 बजे से प्रातः 8.00 बजे तक निर्धारित समयावधि में ही करें। ट्रैक्टर-ट्रॉली में निर्धारित सीमा से अधिक ऊंचाई अथवा चैड़ाई में भूसा भरकर परिवहन करना अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए जोखिमपूर्ण है और इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

बाईपास पुल पर जाम से बचने के लिए पर्याप्त डीजल लेकर चलें -अशोकनगर बाईपास पुल पर वाहनों का ईंधन समाप्त हो जाने के कारण बीच रास्ते में वाहन खड़े होने तथा जाम की स्थिति निर्मित होने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। वर्तमान में कृषि उपज मंडी में वाहनों की अत्यधिक आवाजाही, आगामी त्योहारों तथा बाईपास पुल के संकरे होने के कारण इस प्रकार की स्थिति आमजन के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस अशोकनगर द्वारा ट्रक, लोडिंग वाहन एवं अन्य वाहन चालकों से अपील की गई है कि बाईपास पुल पर प्रवेश करने से पहले अपने वाहन में पर्याप्त मात्रा में डीजल अथवा अन्य आवश्यक ईंधन की उपलब्धता रखें। साथ ही वाहन की तकनीकी स्थिति की जांच कर ही पुल से आवागमन करें, ताकि रास्ते में वाहन बंद होने से यातायात बाधित न हो और अनावश्यक जाम की स्थिति निर्मित न हो।

एसपी की वाहन चालकों से अपील

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि कृषि उपज मंडी में आने-जाने के लिए निर्धारित डायवर्सन मार्ग का उपयोग करें तथा प्रतिबंधित मार्गों पर आवागमन न करें। ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य मालवाहक वाहनों में निर्धारित मानकों से अधिक सामग्री भरकर परिवहन न करें और भूसा परिवहन के लिए निर्धारित समयावधि का पालन करें। बाईपास पुल से गुजरने से पहले पर्याप्त ईंधन एवं वाहन की तकनीकी स्थिति सुनिश्चित करें। सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें तथा यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

राजपूत समाज ने पहली बार दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया

राजपूत अपनी भागीदारी के साथ देश के विकास में भूमिका निभाते आ रहेः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के आवास कॉलोनी स्थित राजपूत समाज धर्मशाला में दशहरा मिलन समारोह का पहली बार आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रतसिंह खिलचीपुर एवं समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।इस पुनीत अवसर पर समाज की पांच बेटियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि खिलचीपुर दरबार प्रियव्रत सिंह ने कहा कि हमेशा हर युग में शुरू से राजपूत समाज ने संघर्ष किया आज भी संघर्ष जा रही है।हर युग में राजपूत सत्ता के केंद्र में रहे हैं, प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सत्ता में राजपूतों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए देश के विकास में अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं। भगवान श्री राम ,श्री कृष्ण ने भी क्षत्रिय कुल में जन्म लिया , हर समाज के लिए संघर्ष किया है, राजपूत समाज की अपनी विशेष पहचान है जो हमेशा संघर्ष के साए के साथ हर सामाजिक की बात करता है, आधुनिक युग में भी संघर्ष करना पड़ेगा सुधार करना पड़ेगा तभी समाज आगे बढ़ेगा।

इसके लिए तलवार से नहीं कलम से हम आगे बढ़े, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि



राजपूत धर्मशाला के लिए जो भी संभव होगा मदद की जाएगी। इस अवसर पर समाज की पांच छात्राओं को महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया। जिनमें कुमारी अंजू सोनगरा, कुमारी अंजना सोनगरा, कुमारी भूमिका सोनगरा, कुमारी रविंद्र शसिंह सोनगरा, कुमारी रूथिया सोनगरा का सम्मान कर कहा कि मातृशक्ति के बिना विकास संभव नहीं है। समारोह में प्रमुख रूप से ठाकुर शिवनाथ सिंह, ठा राजेंद्र सिंह रामगढ़ , ठा भगवत सिंह रामगढ़ , सरपंच कु. रानू बना , ठा हरि सिंह आगरिया , ठा रणवीरसिंह चैहान धतरावदा रायल स्कूल जीरापुर , ठा रूप सिंह, ठा देवेंद्र सिंह लखोनी, ठा भगवान सिंह धनौदा , ठा बालसिंह खेड़ा , ठा रघुवीर सिंह रुपाहेड़ा , कुंवर राजवीरसिंह सिरपोई , ठा प्रहलाद सिंह , कुंवर समर सिंह , ठा जगन्नाथ सिंह मोहन , सरपंच पप्पू सिंह चिलावाद , ठा पर्वत सिंह , मोकमसिंह बांगपुरा सहित लगभग 300 से अधिक सदस्य शामिल हुए। संचालन विक्रमसिंह राठौड़, ठाकुर लक्ष्मणसिंह चैहान तथा आभार ब्लॉक अध्यक्ष महेश्वर सिंह चैहान ने माना।

पेंषनर संघ का दशहरा मिलन समारोह आयोजित

जीरापुर। स्थानीय पेंशनर संघ द्वारा पेंशनर भवन में रविवार को दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें तहसील अंतर्गत समस्त पेंशनरों ने सम्मिलित होकर एक दूसरे पेंशनर को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी।तथा पेंशनर के स्वास्थ्य लाभ, दीर्घायु जीवन एवं खुशहाल परिवार की मंगल कामना भी की गई।इस दौरान पेंशनरों ने आपस में भी एक दूसरे के हाल-चाल जाने एवं आपस में सौहार्द्र मय वातावरण में खुशी मनाते हुए नगर वासियों के लिए मंगल मय कामना की। इसी अवसर पर पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने संचालन करते हुए जीवित प्रमाण पत्र बैंक में समय पर प्रस्तुत करने , नामांकन करने संबंधी अन्य जानकारियां भी दी ।जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर मोहन सिंह जमींदार ने की।कार्यक्रम में पेंशनर प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता , प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता ने भी अपने-अपने विचार रखें, पेंशनर रमेशचंद्र शर्मा, मांगीलाल अहीरवाल, गोवर्धनसिंह वर्मा, रामरतन कुशवाह, आरसी चैरसिया, गुलाबचंद सोनी सहित पेंशनर संघ अन्य सदस्य मौजूद रहे।

यादव समाज ने दशहरा मिलन व शरद पूर्णिमा मनाई

कार्यकारिणी को भंग की, अध्यक्ष पद के लिए 5 युवाओं ने की दावेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

यादव समाज का जिला स्तरीय दषहरा मिलन समारोह और शरद पूर्णिमा महोत्सव रविवार को सुठालिया रोड स्थित यादव समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस दौरान जिलेभर से समाज के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों ने शामिल होकर एक-दूसरे को बधाई दी।

इस दौरान आयोजित सभा में यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्ठमी महोत्सव को लेकर समिति अध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज द्वारा मेरे को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसका तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, अब आगे किसी ओर का अध्यक्ष बनाया जाए। मैं अपनी वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करता हूँ। इस दौरान उन्होने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में खर्च हुए आय-व्यय का ब्योरा समिति के कोषाध्यक्ष अषोक यादव माध्यम से समाज के बीच में पेष किया। इसके बाद समाज में अध्यक्ष पद के लिए पांच युवाओं ने अपनी दावेदारी समाज के बीच में रखी, जहा पांच की आपसी खीचतान के चलते सामंजस नहीं बैठने पर समाज ने फिर से भगवानसिंह यादव को पुनः समिति का अध्यक्ष मनोनित कर कार्यकाल का आगे बढ़ा दिया।

इस अवसर समाज के जिलाध्यक्ष राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर प्रदेष अध्यक्ष रामगोपाल यादव, समाज के वरिष्ठ व्यवसाय लक्ष्मीनारायण यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेषचंद्र यादव, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिलवर यादव, षिक्षक चंदरसिंह यादव मलावर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेष यादव भाटखेड़ी, पुरूषोत्तम यादव करनवास, यादव धर्मषाला उज्जैन कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव सहित अन्य ने संबोधित किया। संचालन पत्रकार सत्यनारायण यादव निवानिया ने किया। इस अवसर पर समाज के बड़ी संख्या में समाजजन, युवा शामिल हुए।

जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

नेताजी सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय की टीम दोनों वर्ग में विजेता बनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। जहां महाविद्यालय प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा ने अध्यक्षता की।स्पोर्ट्स ऑफिसर मंगल सिंह झाला के निर्देशन में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों नरसिंहगढ़ ,पचोर , ब्यावरा ,राजगढ़ ,सारंगपुर सहित जीरापुर की टीमों ने भाग लिया।इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व क्रीड़ा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा , ग्रंथपाल डॉ पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार , एस एल दांगी सहित महाविद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्यावरा की टीम विजेता एवं प्रज्ञा सागर महाविद्यालय पचोर टीम उपविजेता रही , इसी प्रकार महिला वर्ग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्यावरा की टीम विजेता एवं वीर सावरकर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पचोर टीम उपविजेता रही ।कार्यक्रम के उपरांत सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये। प्रतियोगिता में कमेंट्री दिनेश दांगी द्वारा की गई।

शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रभक्ति व अनुशासन का संदेश लेकर निकाला गया संघ का पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अन्नपूर्णा बस्ती, कुरावर द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में भव्य पथ संचलन आयोजित किया गया। पथ संचलन में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ शामिल हुए। संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ अन्नपूर्णा मंदिर परिसर पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड प्रचारक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन का प्रारंभ राष्ट्रभक्ति एवं जनचेतना से ओत-प्रोत 'वंदे मातरम' की पंक्तियों के साथ किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए समाज में एकता, अनुशासन, सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना का मजबूत होना आवश्यक है। मुख्य वक्ता ने देश, राष्ट्र, समाज, धर्म एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव विश्व कल्याण एवं मानवता का संदेश देती आई है।

समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों को मजबूत करने में अपना योगदान दे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ ने अपने दीर्घकालीन कार्यों के माध्यम से समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा, संगठन और राष्ट्र निर्माण की भावना को आगे बढ़ाया है। पथ संचलन केवल अनुशासन का प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्रभावना और एकता का संदेश देने का माध्यम है। पथ संचलन के दौरान नगरवासियों द्वारा स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया गया। पूरे मार्ग में राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन का वातावरण दिखाई दिया। कार्यक्रम के अंत में संघ की प्रार्थना संपन्न हुई, जिसके पश्चात कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। पथ संचलन ने नगरवासियों के बीच राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता, सेवा, अनुशासन और भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव का संदेश पहुंचाया।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा आज सारंगपुर में, प्रेस वार्ता होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा सोमवार को सारंगपुर पहुंचेगी। यात्रा में शामिल साधु-संतों और कांग्रेसजनों का नगर में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा के दौरान दिग्विजय सिंह राठी मांगलिक परिसर में पत्रकारों से चर्चा भी करेंगे। इसके बाद सभी पदयात्रियों का रात्रि विश्राम भी राठी मांगलिक परिसर में रहेगा। यात्रा के स्वागत की तैयारियों को लेकर स्थानीय कांग्रेसजनों ने व्यापक तैयारियां की हैं। नगर में उन मार्गों पर स्वागत मंच बनाए गए हैं, जहां से यात्रा गुजरेगी। यात्रा के सारंगपुर आगमन से पहले रविवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के निजी सचिव सचिन वत्स व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर पदयात्रियों की सुविधाओं और विश्राम व्यवस्था का निरीक्षण किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगरवासियों से यात्रा का स्वागत करने की अपील की है।

महाराजा अजमीढ़ देव जयंती पर स्वर्णकार समाज ने निकाला चल समारोह, सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में रविवार को स्वर्णकार समाज द्वारा महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी की जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने चल समारोह निकाला, जिसका नगर के प्रमुख मार्गों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।चल समारोह सुबह करीब 11 बजे बस स्टैंड स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर से प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यहां महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी की पूजा-अर्चना कर आरती की गई।

शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यवसाय में आगे बढ़ने पर जोर

पूजन-अर्चना के बाद आयोजित सामाजिक चर्चा में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, युवाओं और महिलाओं ने सहभागिता की। इस दौरान समाज की आगामी गतिविधियों और विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़ने, युवाओं को प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया।कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने सामूहिक रूप से भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में स्वर्णकार समाज के प्रदेश, जिला एवं नगर स्तर के पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवक-युवतियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मां नवदुर्गा मंडल समिति ने आयोजित किया कन्या भोज

कन्याओं को कुमकुम व अक्षत से तिलक लगाकर बिंदिया धारण कराई, चरणों में श्रद्धा व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के स्वामी विवेकानंद चौराहे पर नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर माँ नवदुर्गा मंडल समिति द्वारा माता रानी की झांकी सजाकर प्रतिदिन विशेष श्रृंगार कर पुजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को समिति के तत्वावधान में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज में नगर के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं सहित गरबा करने वाली कन्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कन्याओं को कुमकुम एवं अक्षत से तिलक लगाकर बिंदिया धारण कराई तथा उनके चरणों में श्रद्धा व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर उपहार भेंट किए।

कालाशाह के अलावा अन्य फरार

अवैध हथियारों के परिवहन मामले में दोषी को 3 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अवैध हथियारों के परिवहन के मामले में न्यायालय ने दोषी गुलगुफरान शाह उर्फ कालाशाह को तीन वर्ष के कठोर कारावास और कुल 7 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिशा के न्यायालय में सुनाया गया। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा ने की। अभियोजन के अनुसार 30 मार्च 2019 को ग्यारसपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति भोपाल से सागर की ओर अवैध हथियार लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। तलाशी में उनके पास से देसी पिस्टल, देशी कट्टा, आठ धारदार तलवारें और जिंदा कारतूस बरामद हुए। हथियारों के वैध लाइसेंस नहीं मिलने पर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी गुलगुफरान शाह उर्फ कालाशाह के भोपाल में पिस्टल लेकर खड़े होने की जानकारी दी थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच और ग्यारसपुर पुलिस ने उसे भी पकड़ा। न्यायालय ने आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी को सजा सुनाई।

अभियान का उद्देश्य निरक्षर लोगों को साक्षर बनाना, निरक्षरता का कलंक मिटाना है

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान में 7,720 लोगों ने दी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राजगढ़ विकासखंड में 7,720 महिला-पुरुषों ने परीक्षा में सहभागिता की। अभियान का उद्देश्य निरक्षर लोगों को साक्षर बनाकर समाज से निरक्षरता का कलंक मिटाना है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के आदेश, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन तथा जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी के.एन. गुप्ता के नेतृत्व में अभियान संचालित किया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश नारायण सोनी एवं सह-समन्वयक दीपक चैधरी ने विभिन्न सामाजिक चेतना केंद्रों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि शिक्षित व्यक्ति अक्षर साथी बनकर इस अभियान में योगदान दे सकते हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भी चार-चार निरक्षर व्यक्तियों को पढ़ने-लिखने में सहयोग कर सकते हैं। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर के जन शिक्षक नारायण सिंह पंवार एवं प्रदीप व्यास ने सभी से साक्षरता अभियान में सहयोग की अपील की। वहीं, विकासखंड सह-समन्वयक लोकेंद्र कोसरवार ने भी सामाजिक चेतना केंद्रों का अवलोकन किया। खुजनेर संकुल के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा आयोजित की गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर संकुल समन्वयक विनीता जैन ने उपस्थिति दर्ज की।

शासकीय कन्या हाई स्कूल में नव-साक्षरों ने दी मूल्यांकन परीक्षा



हरिभूमि न्यूज. माचलपुर। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कन्या हाई स्कूल में नव-साक्षर महिला एवं पुरुषों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में विभिन्न आयु वर्ग के शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।परीक्षा के दौरान नव-साक्षरों में उत्साह देखने को मिला। पढ़ना-लिखना सीखने के बाद शिक्षार्थियों ने मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन में विद्यालय के शिक्षकों एवं अक्षर साथियों ने सहयोग किया।

अधिकारियों ने किया परीक्षा केंद्र का अवलोकन

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के संचालक ए.के. सिंह ने परीक्षा केंद्र का अवलोकन किया और परीक्षार्थियों से चर्चा की। इस अवसर पर राजगढ़ के जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी के.एन. गुप्ता, ब्लॉक साक्षरता समन्वयक सुरेश दांगी, संकुल समन्वयक बनवारी शर्मा, जन शिक्षक बालचंद दांगी एवं योगेंद्र सिंह मंडलोई सहित शासकीय कन्या हाई स्कूल माचलपुर के शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ उपस्थित रहे।इस दौरान अतिथियों ने नव-साक्षरों का तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने शिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।